# National Integration Day 19.11.2023

आज दिनांक 19.11.2023 को प्राचार्य की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर एक बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवम् शिक्षकेतर कर्मियों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े सभी छात्र/छात्राएँ उपस्थित रही थी। कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि हमारा देश भाषा, संस्कृति, धर्म, सम्प्रदाय, जाति के आधार बँटा हुआ नजर आता है, परन्तु वास्तव में यह विविधता आभासी-मात्र है। वास्तविक स्थिति यह है कि हमारे यहाँ अनेकता में एकता की गरिमामयी स्थिति है। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त करने वालों में भौतिकी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा० मुरलीधर प्र० सिंह, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डा० अभिमन्यु कुमार, डा० आनंदी कुमार शामिल थे। अंत में एन. एस. एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो० प्रमोद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में युवाओं की महती भूमिका है। हमें अपनी एकता और अखंडता को हर हाल में अक्षुण्ण बनाए रखना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े कई छात्र/छात्राओं ने गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया और राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों से जुड़े रहने को संबल देने का काम किया। अंत में सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

प्रमोद यादव 19.11.2023
P.O., N.S.S.
B.N.M. College, Barhiya

Prof.-in-Charge
B.N.M. College, Barhiya

Teacher's Signature